भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 898
गुरुवार, 23 जुलाई, 2026/1 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पाक्योंग हवाई अड्डे के संचालन की स्थिति

898. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बाः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधीन पाक्योंग हवाई अड्डे की वर्तमान संचालन स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ख) इसके उद्घाटन के बाद से इस हवाई अड्डे से संचालित की गई उड़ानों की कुल संख्या कितनी है;
(ग) इस हवाई अड्डे पर चल रहे नागरिक निर्माण कार्यों का ब्यौरा क्या है और उसमें हुई भौतिक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(घ) वर्तमान में पाक्योंग हवाई अड्डे पर तैनात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के कर्मचारियों की संख्या कितनी है; और
(ङ) इसके उद्घाटन के बाद से इस हवाई अड्डे पर परिचालन संबंधी उद्देश्यों के लिए उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): पाक्योंग हवाईअड्डा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का प्रचालनरत हवाईअड्डा है। हालांकि, वर्तमान में इस हवाईअड्डे पर कोई अनुसूचित उड़ान परिचालन नहीं है। पाक्योंग हवाईअड्डे के उद्घाटन के बाद से अब तक वहाँ कुल 2,018 विमानों का आवागमन हुआ है। कार्य की भौतिक प्रगति 36.12% है, जबकि वित्तीय प्रगति 98ण07 करोड़ रूपये है।

(ग): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सिक्किम के पाक्योंग हवाईअड्डे पर रनवे के पश्चिमी हिस्से में रनवे बेसिक स्ट्रिप को चौड़ा करने का कार्य शुरू किया है, जिसमें ऊपर की ओर ढलान स्थिरीकरण उपाय (संतुलन कार्य) और तूफानी जल निकासी प्रणाली में सुधार शामिल है और यह काम 10 वर्ष की एकीकृत रखरखाव अवधि के साथ डिजाइन और निर्माण के आधार पर किया जा रहा है। कार्य की भौतिक प्रगति 36.12% है, जबकि वित्तीय प्रगति 98.07 करोड़ रुपये है।

(घ): वर्तमान में पाक्योंग हवाईअड्डे पर तैनात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्मिकों की कुल संख्या 21 है, जिसमें कार्यपालक और गैर-कार्यपालक हैं।

(ङ): इसके उद्घाटन के बाद से हवाईअड्डे पर परिचालन उद्देश्यों के लिए उपयोग की गई कुल धनराशि (कुल राजस्व व्यय) वर्ष-वार निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	उपयोग की गई कुल निधि (करोड़ रुपये में)
2018-19	22.64
2019-20	24.79
2020-21	20.96
2021-22	21.26
2022-23	18.32
2023-24	25.09
2024-25	27.65
2025-26	16.23

******